**खबर संक्षेप**

### सडक़ दुर्घटना में युवक की मौत

**शहडोल।** जिले के अंतिम छोर पर सोमवार की सुबह हुए सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है, घटना के संदर्भ में देवलोंद थाना प्रभारी ने बताया कि युवक थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला था और वह अपने दो पहिया वाहन से जा रहा था, इसी दौरान समधिन मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने युवक को सामने से कुचल दिया, युवक की मौके के पर ही मौत हो गई, ट्रक ईंट से लदी हुई थी और ट्रक की गति अनियंत्रित बताई जा रही है, थाना प्रभारी ने कहा कि ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3465 में ईंटें भरी थी और वह रीवा से शहडोल की ओर आ रहा था, इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार ग्राम हरीहरी का रहने वाला संतोष केवट इसकी चपेट में आ गया, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान वह काफी भीड़ लग चुकी थी, पुलिस ने शव का पंचनामा कर के पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामला कायम कर विवेचना मे लिया है।

### अवैध नीलगिरी से लदा वाहन धराया

**शहडोल।** वन मंडल अधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्देर अवैध कारोबार पर नकेल कस दी है, मुख्य वन संरक्षक वन वृत एल.एल. उइके के निर्देशन पर वन मंडल अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में 12 अप्रैल को बीती रात्रि लगभग 12:30 बजे वन मंडल दक्षिण शहडोल अंतर्गत गठित एसटीएफ की टीम के द्वारा रात्रि गश्त में वन मंडल दक्षिण शहड़ोल के वन परिक्षेत्र खनौधी के सर्किल अंकुरी के बीड खोहरी के ग्राम मलमाथर में मेन रोड पर ट्रक क्रमांक एमपी एमपी 18 जीए 2524 को वनोपज नीलगिरी लकड़ी का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया, वाहन चालक सूरज कुमार पिता सरदारी लाल मिश्रा उम्र 28 वर्ष इलाहाबाद द्वारा वनोपज के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए, जांच करने पर वनोपज की मात्रा 1200 घन मीटर पाई गई, जिसे वाहन सहित जप्त कर परिक्षेत्र कार्यालय खनौधी कैंपस में खड़ा कराया गया है, उक्त कार्रवाई में एसटीएफ की टीम प्रभारी कमला प्रसाद वर्मा, वन परिक्षेत्र सहायक बुढ़ार, सुरेश कुमार बैगा वनरक्षक राजेंद्र पांडे वनरक्षक, राहुल शर्मा, वनरक्षक इजहार खान की भूमिका रही।

### भाजपा ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान के शिल्पकार एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उनकी शहडोल स्थित प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रकाश जगवानी, गिरधर प्रताप सिंह, प्रवीण शर्मा (डोली), विजय गुप्ता, संतोष लोहानी, विनोद महाजन, शीतल पोद्दार, संजीव प्रताप सिंह, चन्द्रेश द्विवेदी, गोपाल रत्नम, नीलेश निगम, महेश भागदेव, राकेश सोनी, शोभित वर्मा, शक्ति लक्षकार, होलकर सिंह, विभव पाण्डेय सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, मातृशक्ति उपस्थिति रहे।

एक वर्ष के लिए हुआ था संलग्नीकरण, आदेश की हुई अवज्ञा

## वर्षों से एसडीएम की बाबूगिरी कर रहा विटनरी का कर्मचारी

प्रशासनिक कामकाज में मदद पहुंचाने अस्थाई तौर पर की गई संलग्नीकरण की व्यवस्था आज सरकारी अमले के लिए मुनाफे का धंधा बन चुकी है। यह व्यवस्था एक निर्धारित अवधि के लिए की जाती है लेकिन एसडीएम कार्यालय में विटनरी का एक कर्मचारी वर्षों से पदस्थ है। जबकि उसे अधिकतम एक वर्ष के लिए भेजा गया था।

**शहडोल।** प्रशासनिक ढांचे में समाहित अधिकारियों व कर्मचारियों की जमात आज इतनी ताकतवर हो चुकी है कि उसके सामने शासकीय नियमों का वजन भी नहीं ठहर पा रहा है। अमला अपने मन की कर रहा है, संलग्रीकरण आदेश समाप्त होने अथवा विभागों के जरूरी आदेश होने के बावजूद कोई कहीं से हिलना नहीं चाहता है और शासन का कोई प्रावधान उसका पाया नहीं हिला पा रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है जिसमें सब अपनी अपनी जगह पर सेट हैं और पैसा पीट रहे हैं। एसडीएम कार्यालय सोहागपुर में एक विटनरी विभाग का एक कर्मचारी पिछले करीब डेढ़ दशक से बाबूगिरी कर रहा है लेकिन आज वह इसमें इतना सुखी है कि इस जगह को छोडक़र अन्यत्र कहीं जाना नहीं चाहता है। जबकि उसके लिए अप्रैल 2019 में आदेश हुआ था। यह स्थिति केवल एक विभाग की नही है अगर खोजबीन की जाए तो कई दफ्तरों व स्कूलों में ऐसी स्थितियां मिल सकतीं हैं।

### एक वर्ष के लिए था आदेश

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सूर्यदीन पटेल को अधिकतम एक वर्ष के लिए किसी आवश्यकतावश एसडीएम कार्यालय सोहागपुर में संलग्र कर दिया गया था। नियमानुसार एक वर्ष बाद उसके मूल विभाग विटनरी में लौट जाना चाहिए था। लेकिन आज दिनांक में भी सूर्यदीन एसडीएम कार्यालय में पदस्थ है और मजे से वहां की बाबूगिरी कर रहा है। इस बारे में कहा जाता है कि उसे पुनः पदांकित करने का आदेश जारी नहीं हुआ



है। जबकि वेटनरी के ही कुछ लोगों ने बताया कि आदेश तो हुआ, लेकिन उसके लिए न तो एसडीएम कार्यालय तैयार था, न वेटनरी विभाग ने दृढ़ता दिखाई। सारा कुछ औपचारिकताओं में चलता रह गया और आज भी वहीं स्थिति बनी हुई है।

### अप्रैल 2019 में हुआ आदेश

वर्ष 2019 अप्रैल माह में विभागीय पदोन्नति समिति की एक बैठक हुई थी। जिसमें सूर्यदीन के प्रकरण की चर्चा हुई थी। इस पर उसे तत्काल वापस बुलाते हुए उसकी पदस्थापना पशु औषधालय पटासी के लिए कर दी गई थी। निर्णय लिया गया, आदेश जारी हुआ, लेकिन उसका पालन आज तक नही हुआ। सूर्यदीन आज भी एसडीएम कार्यालय का प्रमुख कर्ताधर्ता बना हुआ है। कहते हैं कि इसमें तत्कालीन एसडीएम की भूमिका भी रही। उन्होने भी अड़ंगे डाले और उधर विटनरी के अधिकारी भी उसे बुलाने के लिए खास इच्छुक नहीं दिखे। इसलिए आदेश की धज्जियां उड़ गईं और कर्मचारियों की मंशा फलित हो गई।

### 90 पदों का रोना रो रहे

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा विभाग अपने कर्मचारियों को मौज मस्ती में लगाकर इस बात का रोना रोता रहता है कि उसके यहां कर्मचारियों के 90 पद रिक्त हैं काम कैसे चले? अगर सचमुच में काम की इतनी परवाह है और कर्मचारियों की इतनी आवश्यकता है तो फिर कम से कम सूर्यदीन जैसे कर्मचारी तो बुलाए ही जा सकते हैं। विभाग के अधिकारी यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि शासन से पत्राचार किया जाता है पर वहां से कोई गाइडलाइन नहीं मिलती है। शासन के आदेश बिना और व्यवस्था के बिना कर्मचारियों की आपूर्ति भला कैसे हो सकती है जबकि स्थानीय स्तर पर अधिकारी अपना खेल खेलते रहते हैं।

### एसडीएम को भी नहीं मिला बाबू

बात केवल विटनरी की ही नहीं है यहां एसडीएम कार्यालय भी कम नहीं है। वर्षों से सूर्यदीन एसडीएम कार्यालय की फाइलें पोंछ रहा है लेकिन आज तक एसडीएम को भी कोई बाबू नहीं मिला। वास्तव में एसडीएम ने भी सूर्यदीन को हटाने और किसी बाबू की कभी मांग नहीं की। बाबू के लिए एकाध बार औपचारिकता पूरी कर दी गई और फिर सारा खेल चलता रह गया। यहां दो विभागों की साठगांठ से सूर्यदीन आज भी एसडीएम कार्यालय का एक हिस्सा बना हुआ है और उसके सामने सरकारी आदेश निष्प्रभावी हो चुके हैं।

### इनका कहना है...

विभाग में 90 पद रिक्त है, समय-समय पर वरिष्ठ कार्यालय से पद के लिए कर्मचारियों की मांग की जांच चुकी है, रही बात सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सूर्यदीन पटेल की तो, इस मामले में कलेक्टर कार्यालय को देखना चाहिए, हालाकि कई कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय में अटैच हैं।

**डॉ. उमेश कुमार मिश्रा**
**उप संचालक**
**पशु चिकित्सा विभाग, शहडोल**

## 1 से 5 मई तक होगी शतरंज प्रतियोगिता

**शहडोल।** जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 01 मई से 05 मई तक शहडोल शहर के प्रसिद्ध होटल महाराजा पैलेस घरौला मोहल्ला में किया जायेगा। यह प्रतियोगिता अंडर 7, 9, 11,13,15, 19 एवं सीनियर पुरुष तथा महिला वर्ग में स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क अंडर 7, 9, 11 के लिए 150, अंडर 13, 15, 19 हेतु 200/ एवं सीनियर वर्ग के लिए 300 रखा गया है। जिसकी अंतिम तारीख 26 अप्रैल 2024 है। इस टूर्नामेंट में खिलाडिय़ों के पार्टिसिपेशन के आधार पर प्रथम तीन स्कूलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा, सभी स्कूल के प्रिंसिपल्स एवं स्पोर्ट्स टीचर से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने खिलाडिय़ों को टूर्नामेंट में भेज कर टूर्नामेंट को सफल करने में अपना अमूल्य योगदान दें।

## माँ विराटेश्वरी के दरबार में महाआरती का होगा भव्य आयोजन

**शहडोल।** नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महाष्टमी महाआरती का भव्य आयोजन होने जा रहा है, श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए सोमवार को बताया है कि हिंदू नव वर्ष शुक्ल प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि के नौदिनी महापर्व के पावन अवसर पर चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के दिन माँ भगवती की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी आशीष राज तिवारी ने बताया है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रथम दिन से ही जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है उन्होंने बताया कि नौदिनी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ विराटेश्वरी जी की महाअष्टमी की महाआरती का भव्य आयोजन 16 अप्रैल दिन मंगलवार किया जाएगा एवं 17 अप्रैल दिन बुधवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती का किया जाएगा व 18 अप्रैल दिन गुरुवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, तो वहीं 19 अप्रैल दिन



शुक्रवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया जाएगा। मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे। इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर महाअष्टमी आरती, नवमी विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा जुलूस में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं। वही बताया गया कि इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री दुर्गा माता सेवा समिति के द्वारा समिति की ओर से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था निःशुल्क है, जूता चप्पल स्टेंड ,मोटर साइकिल स्टैंड ,नारियल तोडने ,पानी ,लाइट , प्रसाद वितरण, भक्तो के कथा पूजन के बाद साफ-सफाई, अष्टमी को महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया किया जाएगा। श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी ,विकास तिवारी, एवं श्री दुर्गा माता सेवा समिति के संरक्षक नारायण पांडे, अशोक मिश्रा ,अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता, अनिल सैनी भालू ,देवेंद्र द्विवेदी, विनय केवट, राजेश त्रिपाठी ,अजय श्रीवास्तव ,मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, राकेश यादव, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर ,सोमू गुप्ता, गोलू सोनी, शुभम अग्निहोत्री, शिवम दुबे, शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, रामकिशोर केवट, रवि केवट ,जतिन मंगलानी, गौतम राज , लवली, रंजन गुप्ता, आकाश चौधरी, अज्जू विश्वकर्मा के सेवादार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी सेवाएं निरंतर माता के दरबार में दे रहे हैं।

## कमलनाथ की दाल में काला नहीं, बल्कि पूरी दाल काली: नेहा

### 2047 के विजन में काम कर रहे प्रधानमंत्री

**शहडोल।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर शहडोल पहुंची, यहां पत्रकारों से उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर अनौपचारिक चर्चा की, भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के चुनाव में मध्यप्रदेश इतिहास रचने जा रहा है, प्रदेश की 29 में 29 सीटों के मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट करेंगे। यही नहीं देश में एनडीए गठबंधन 400 पार सीटें जीतकर इतिहास रचेगा, चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के यहां पूछताछ के लिए पहुंचे पुलिस बल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कमलनाथ ने जो कांग्रेस के शासनकाल में किया है, अब उनका किया सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मामले को लेकर पुलिस कमलनाथ के घर गई है, उस मामले में दाल में काल नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली



है। सुश्री नेहा बग्गा यही नहीं रूकी, उन्होंने 1984 में हुए सिख दंगों को याद करते हुए कहा कि पंजाब में आज भी उसके साक्ष्य मौजूद हैं, जिस तरह कमलनाथ ने सिख समुदाय के साथ नरसंहार कराया, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### टेक्नोलॉजी की विदेश में सराहना

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता के समक्ष रहता है। प्रदेश की भूमि कुशाभाऊ ठाकरे की भूमि है, उन्हीं के संस्कार हमारे कार्यकर्ताओ में है। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का समय है, कांग्रेस टेक्नोलॉजी को लेकर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाती थी। आज हमारे देश के टेक्नोलॉजी की सराहना विदेशी भी करते हैं। विदेशी भी मानतें है कि डिजीटल तकनीक से भारत सुदृढ़ हुआ है। सुश्री नेहा बग्गा ने आगे कहा कि भाजपा ने संगठन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। 40 लाख महिलायें भाजपा शासन काल में स्व सहायता समूह से जुडी हैं। आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना के तहत गैस का लाभ लोगों को मिल रहा है।

## विश्वविद्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**शहडोल।** पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर के निर्देशन में स्कूल आफ लॉ एंड सोशल जस्टिस विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सराफ एलएल.एम. कोर्स कोआर्डिनेटर एवं मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार आशीष तिवारी थे। रजिस्ट्रार श्री



तिवारी ने अपने उद्बोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर एक समाज सुधारक थे, उन्होंने दलितों के उत्थान में अपना पूरा जीवन संघर्ष में लगा दिया, वहीं एलएलएम कोर्स कोआर्डिनेटर प्रो. गीता सराफ द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कहा गया कि हमारे हाथों में एक अद्भुत जीवित दस्तावेज भारतीय संविधान दिया गया, जो अपने आप में अद्भुत है, एल. एल.एम.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दीप्ति तिवारी ने लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रणाली पर अपने विचार व्यक्त किये । एल.एल.एम.चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र नीरज नायक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा किये गए संघर्ष, समाज सुधारक, विधि विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री एवं प्रथम कानून मंत्री संबंधित विचारों को व्यक्त किया गया। एल.एल.एम. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र संदीप दुबे द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन दया शंकर तिवारी द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. गीता आठनेरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक विभाग की सहायक प्राध्यापक मौसमी एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग से डॉ. सजली गुप्ता , अनुराग पटेल एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

## डॉक्टर ने लिया दाम, मरीज की जोखिम में जान

**शहडोल।** आदिवासी बाहुल्य जिले के ग्राम चौराडीह थाना सिंहपुर निवासी श्यामजी बैगा पिता नर्मदा बैगा ने आरोप लगाया है कि उसकी भतीजी के पेट का ऑपरेशन एक माह पूर्व हुआ था। ऑपरेशन के दिन जिला चिकित्सालय के सर्जन अपने दलाल के माध्यम से 11 हजार रुपये की रिश्वत उनसे ले लिया। रिश्वत देने के बाद भी उसकी बुआ की तबियत दिनो-दिन बिगडती ही चली जा रही है। श्याम जी बैगा ने आगे बताया कि रश्मि बैगा पिता रामदेव बैगा उम्र लगभग 22 वर्ष के पेट में सूजन मार्च माह में आ गई थी। पेट में दर्द भी होता था, जिस कारण वह अपने परिजनों के साथ रश्मि का इलाज करवाने शहडोल 13 मार्च को आया। पहले वह मुख्य मार्ग पर स्थित सराफ अस्पताल गया, जहाँ पर रश्मि की सोनोग्राफी चिकित्सक द्वारा करवाई गई। रिपोर्ट देखने के पश्चात वहाँ के चिकित्सक ने मरीज रश्मि के परिजनों को समझाइश दिया कि वे इलाज के लिए या तो मेडिकल कॉलेज ले जाये या फिर जिला चिकित्सालय। मरीज के परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये, जहाँ पर चिकित्सक ने उसे सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर लिया। फिर भी उसकी सूजन कम होने का नाम नहीं ले रही थी।

श्याम जी बैगा ने बताया कि भतीजी की तकलीफ को देखते हुए मैने तरुण नामक अस्पताल के कर्मचारी (जो कि धनपुरी का रहने वाला है) उससे मदद की गुहार लगाई, वह मुझे 15 मार्च को अपने साथ उच्च विश्राम गृह के समीप डॉक्टर व्ही. पी. पटेल (सर्जन) के घर ले गया। उन्होंने मुझसे कहा कि रश्मि की आंतो में सडऩ आ गई है, इसलिये ऑपरेशन करना पडेगा। ऑपरेशन करवाने का खर्च 15 हजार रुपये आयेगा। श्याम जी



बैगा ने आगे बताया कि हम लोग तत्काल पैसो के बंदोबस्त में जुट गये। कुल 11 हजार रुपये उस दिन इकठ्ठा कर पाये, जिसे हमने डॉक्टर व्ही.पी. पटेल को दिया। तब कहीं जाकर उन्होने 15 मार्च को जिला चिकित्सालय में मेरी भतीजी का ऑपरेशन किया ।

**एक माह में नही सुधरी सेहत**

श्याम जी बैगा ने कहा कि मेरी भतीजी रश्मि का ऑपरेशन एक माह पूर्व डॉक्टर व्ही.पी. पटेल द्वारा किया गया था, लेकिन अभी तक उसकी हालत सुधरने की बजाये दिनों-दिन बिगड़ती ही जा रही है। वह जो भी खाना खाती है, वह पेट में रूक ही नहीं पाता। जब बिगड़ती जा रही हालत की बात हम डॉक्टर पटेल से करते हैं तो, वे हमे सिर्फ यही आश्वासन देते है कि आंत का ऑपरेशन हुआ है, धीरे-धीरे ही हालत में सुधार आयेगा। अब श्याम जी बैगा अपनी भतीजी को एक निजी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था में जुट गया है।

## बार्डर पर वाहनों की हो रही सघन जांच

**शहडोल।** लोकसभा चुनाव को लेकर 19 अप्रैल को जिले में मतदान होना है, जिसको लेकर पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देश पर जिले के बॉर्डर पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। वहीं अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर एसएसबी की टीम ने अपना डेरा डाला हुआ है, बड़ी कोलमी गांव में स्थित मध्य प्रदेश -छत्तीसगढ़ की सीमा पर चेक पोस्ट बनाया गया है, जहां एसएसबी की टीम ने अपना डेरा जमाया हुआ है। एसएसबी की टीम द्वारा आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है, जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके, जिसको लेकर ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च भी निकाला जा रहा है। अधिकारी भी लोगों के पास पहुंच रहे हैं और उन्हें निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की सीमा पर 24 घंटे चेक पोस्ट पर टीम तैनात की गई है। छत्तीसगढ़ से आने व मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक का कहना है कि जिले के बॉर्डर पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं।



**In The Court Of II Civil Judge Class-1, District Court, Rewa Presiding Officer:**

**अक्षत तयाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 108 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

**(RCS A/0000522/2023)**

सुनील विद्वानी........ वादी

**Vs**

जवाहरलाल वर्मा.....प्रतिवादी

**Process Id-/2024**

पेशी दिनांक : 22/04/2024

प्रेषिती

(1) जवाहरलाल वर्मा पिता दीनानाथ वर्मा पता- निवासी 08 क्यू.एन.एस. 358/2 नौरोजाबाद कुदरी उमरिया म.प्र.) 484555

यह कि प्रार्थी सुनील विद्वानी ने आपके विरुद्ध सिविल के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो, वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो, पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**व्यवहार न्यायाधीश**

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**शहडोल।** जिले के ओपीएम एटक कार्यालय में अम्बेडकर जयंती में सोहागपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या एटक के कोयला क्षेत्र सचिव कामरेड राजेश शर्मा के नेतृत्व में समारोह में शामिल हुए, ओपियम के एटक के सैकड़ों साथियों ने कामरेड श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में डॉक्टर बी.आर.अम्बेडकर जयंती समारोह में बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए, दोनों सभाओं में मुख्यातिथि कॉमरेड हरिद्वार सिंह, विशिष्ठ अतिथि कामरेड अजीत जैन, उम्मीदवार कामरेड समर साह सिंह गोंड एवं अन्य नेताओं ने उद्बोधन देते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जनविरोधी ,किसान विरोधी, छात्र नौजवान विरोधी ,महिला विरोधी ,मजदूर विरोधी, हिन्दु-मुस्लिम एकता विरोधी बताते हुए इस चुनाव में लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार को



हॅसिया एवं बालछाप के सामने का बटन दबाकर समर साह सिंह गोंड को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संघर्ष शील बेदाग राजनैतिक पार्टी हैं, चाहे तहलका हो, हवाला हो या इलेक्टोरल बॉण्ड हो किसी भी भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ऊपर कोई आरोप नहीं है, यह किसानों और मज़दूरों के संघर्षों के कोख से निकली हुई पार्टी हैं, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार अंबानी, अडानी के हितों की रक्षा के लिए काम करते हैं, ये लोगों ने समाज के भाईचारा के विरुद्ध काम करते हैं , हमें इस बात को समझना पड़ेगा आशा है, आप सभी भाई वहन समझदारी से मत डालने का काम करेंगे और बेहतर सरकार बेहतर नेता समाज सेवा में काम करने के लिए चुनेंगे।




## खबर संक्षेप



### पेयजल, विद्युत तथा सडक संबंधी शिकायतों का संबंधित अधिकारी त्वरित निराकरण करें - कलेक्टर

**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा के पत्रो, मानवाधिकार आयोग, सीएम हेल्प लाईन तथा अंतर्विभागीय समस्याओं के निराकरण की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आपने कहा कि वर्तमान में पेयजल, विद्युत तथा सडको से संबंधित शिकायते प्राप्तर हो रही है। संबंधित अधिकारी इन शिकायतों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें तथा उसका पालन प्रतिवेदन भेजे । कलेक्टर ने कहा कि सी एम हेल्पलाइन मे प्राप्त शिकायतों का सभी जिला प्रमुख अधिकारी स्वयं मानीटरिंग करें तथा अधीनस्थ अमले को संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित करें ।

### जिले भर मे आयोजित किए गए मतदान केन्द्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में उमरिया अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान मेरा अधिकार पर्व जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मनाया गया । इस अवसर पर मतदान केन्द्रों में रंगोली, जागरूकता रैली, दीप प्रज्जवलन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओ को मतदान करनें का संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद उमरिया, नगर पालिका परिषद पाली, ग्राम पंचायत झांपी, ग्राम पंचायत गौरइया, पाली महाविद्यालय, मतदान केन्द्रत 49 एवं 50 मझगवां, मतदान केन्द्रर क्रमांक 272 मलियागुडा, ग्राम भडारी ग्राम पंचायत पतौर, ग्राम महुरा, ग्राम कोहका 82, ग्राम शाहपुर, ग्राम धूपखडा, ग्राम मलहदू, ग्राम बंधवाखुर्द, मतदान केंद्र गंजरहा, मतदान केंद्र 314 डिडवरिया, ग्राम पिपरीटोला, ग्राम सेमरी ग्राम चिरूहला सहित अन्य मतदान केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन, जनप्रतिनिधियों की कलई खोल रहे

# 7 दशकों में भी नहीं मिली ग्रामीणों को बिजली की सुविधा

**शहडोल।** जिले के विकास की हर तस्वीर तब धूमिल पड़ जाती है जब ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्दशाओं का लेखा जोखा होता है। अब से करीब 70 साल पहले सन् 1956 में मप्र का गठन हुआ, तब से लेकर आज तक विकास की दर्जनो बार योजनाएं बनीं, मंचों से घोषणाएं हुईं करोड़ों रुपए का बजट आया लेकिन यह सब होने के बावजूद हालात ज्यों के त्यों हैं। जैतपुर जैसे क्षेत्र में पानी की समस्या तो है ही बिजली की भी समस्या है। कई गांव यहां के विद्युत विहीन हैं, जबकि पिछले 6 वर्षों से जिले में विद्युतीकरण की सौभाग्य योजना चल रही है और लगभग उसके सारे चरण पूर्ण हो चुके हैं। परेशानियों से जूझते ग्रामीण कई बार मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा कर चुके हैं और हर बार उन्हे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा फुसलाकर अपना काम निकाल लिया जाता है। इस बार ग्रामीणों ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जहां धरना तो शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन जनप्रतिनिधियों के निकम्मेपन की कलई उतारी जा रहीं है।



### इन ग्राम पंचायतों में है आक्रोश

जैतपुर के पंचायत मिठौली, सरईडीह, अतरौड़ी, नवाटोला और विनायका में विद्युत व्यवस्था नहीं हो रही है। बताया जाता है कि यह पंचायतें अभी भी विद्युतविहीन हैं और उसके लिए बार बार प्रशासन और विद्युत मण्डल को सूचित किया गया है लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ हासिल नहीं हो सका। पिछले बार विधानसभा चुनाव के समय कई ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। लेकिन चुनाव के वक्त जिला निर्वाचन अधिकारी और नेताओं ने जनता को फुसलाकर उनसे मतदान करवा दिया था। लेकिन चुनाव जीतने के बाद विधायक जयसिंह मराबी उन क्षेत्रों की उपेक्षा करने लगे और समस्याओं के निपटारे का कोई प्रयास नहीं किया। इससे पुनः आक्रोश पनपने लगा, विधायकों के निकम्मेपन के कारण ही समस्याओं में बढ़ोत्तरी होती रहती है। छतई ग्रामपंचायत सरपंच लल्लू सिंह व कुम्हेडिन्न पंचायत सरपंच शकुंतला बाई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना दिए जाने की सूचना दी थी।

### फिर दे रहे आश्वासन

कुछ ग्रामीणों ने बताया कि जब विद्युत मण्डल के अधिकारियों को पता चला तो वे जनता को आश्वासन देने लगे कि बस जल्द ही विद्युतीकरण होने वाला है। चुनाव तक किसी तरह का कोई प्रदर्शन नहीं किया जाए। विद्युतीकरण का तीसरा चरण तेज गति से चल रहा है, इसमें प्रत्येक गांव और मजरे टोले बिजली सर्विस लाइन से जोड़ दिए जाएंगे। जिन क्षेत्रों का सर्वे हो चुका है वहां खंभे गिराए जा रहे हैं। सबको बिजली मिलेगी, लेकिन ग्रामीण इस बार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं, उनका कहना है कि कई बार आश्वासन देकर ग्रामीणों को छला जा चुका है। अब ग्रामीण अपने निर्णय पर अटल हैं।

### धरना प्रदर्शन हुआ शुरू

आक्रोशित पंचायतों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में बिजली व्यवस्था की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि इस बार वे तब तक नहीं हटेंगे जब तक उनकी मांग पूरी नहीं कर दी जाती है। लोकसभा चुनाव से ठीक कुछ दिन पहले दिया जा रहा यह धरना किसी राजनीति से प्रेरित नहीं लगता है क्योंकि पूर्व में भी ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय किया था और उन्हे एक निर्धारित अवधि में निदान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन चुनाव हो जाने और प्रदेश में सरकार बन जाने के महीनों बाद भी विधायक का कहीं अता पता नहीं है। न बिजली की समस्या का समाधान हो रहा है और न ग्रामीणों को सुविधाएं मिल रहीं हैं। ग्रामीण चीख चीख कर जनप्रतिनिधियों की कलई उतार रहे हैं और उन्हे निकम्मा बता रहे हैं।

## मतदान केंद्रो से निकाली गई जागरूकता रैली, मतदान केंद्रो को गुब्बारों से सजाया

**उमरिया।** शहडोल संभाग के सभी मतदान केंद्रो में शत प्रतिशत मतदान-मेरा अधिकार पर्व मनाया गया, जिसके तहत कमिश्नर बी.एस.जामोद, एडीजीपी डी.सी.सागर के नेतृत्व में पाली तहसील के ग्राम बकेली में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा जनमानस को 19 अप्रैल को मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर जनमानस ने सारे काम छोड़ दो शत प्रतिशत वोट दो, आंधी आए या तूफान आए शहडोल करेगा शत प्रतिशत मतदान जैसे नारे लगाए। मतदाता जागरूकता रैली बकेली ग्राम पंचायत का भ्रमण कर प्राथमिक शाला बकेली में बनाऐ गय मतदान केंद्र में पहुंची जहाँ दीप उत्सव मनाया गया। कमिश्नर, एडीजीपी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उमरिया एवं मतदाताओं ने दीप प्रज्वलित कर आगामी 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर कमिश्नर बी.एस.जामोद ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में सभी को मतदान करने का अधिकार दिया गया है। सभी के वोट की कीमत एक समान है अमीर, गरीब महिला और पुरुष में भेदभाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजीपी



डी.सी.सागर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को लोकतंत्र का महापर्व है इस महापर्व में सभी उत्साह पूर्वक मतदान केंद्र जाकर मतदान करे।इसी प्रकार शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम सिंदुरी में बनाए गए मतदान केंद्र पहुंचकर कमिश्नर बी.एस. जामोद एवं एडीजीपी डी.सी.सागर ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कमिश्नर शहडोल संभाग ने कहा कि 19 अप्रैल को मतदान केंद्र जाकर शत प्रतिशत मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें। ग्राम सिंदुरी में आयोजित कार्यक्रम में कमिश्नर बी.एस. जामोद ने वरिष्ठ मतदाताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा कैंडल मार्च निकालकर मतदान का संदेश दिया गया।

## ग्राम पिपरीटोला के शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता तैयार

**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढाने तथा चुनौती 40 के तहत चयनित मतदान केन्द्रों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान अपने चरम पर है। जहां बीएलओ अपने मतदान केन्द्र के प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर उन्हे वोटर स्लिप पहुंचा रहे है तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य की 19 अप्रैल को मतदान करने संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे है वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिला एवं जनपद स्तरीय स्वीप टीमों, सेक्टर अधिकारियों, एनआरएलएम, जन अभियान परिषद तथा अन्यी स्वयं सेवी संस्थाओ द्वारा व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है । मतदान मेरा पर्व एवं देश का गर्व की थीम पर जिले मे 14 अप्रैल को सभी 585 मतदान केन्द्रों में स्वीप के विभिन्न कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, दीपदान कार्यक्रम, रैलियो का आयोजन, मतदाता शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न कराया गया। जिसमें बडी संख्या में मतदाताओ ने भाग लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर जनपद पंचायत के मतदान केंद्र पिपरीटोला में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओ को मतदान की शपथ दिलाई । उन्होंने ऐसे अभिभावक जिनके परिवार जन रोजी रोटी कमाने के लिए प्रदेश या जिले से बाहर है के परिवार जनों से रूबरू चर्चा की तथा उन्हें मतदान के महत्व की जानकारी देकर मतदान दिवस के पूर्व अनिवार्य रूप से घर बुलाने की समझाईश दी। आपने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बडा पर्व मतदान दिवस होता है। विभिन्न सभ्यता, संस्कृति, भाषा , क्षेत्र के बावजूद हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए मतदान करता है। संविधान में हर मतदाता के मतदान का समान मूल्य है। देश के विकास तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान का अहम रोल है। आईये हम सब मिलकर 19 अप्रैल को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें । बीएलओ ने बताया कि पिपरीटोला मतदान केन्द्र में मतदाताओ की संख्या 299 है । जिसमें 19 मतदाता रोजी रोटी के लिए गुजरात मे नौकरी करते है। इन सभी मतदाताओ ने मतदान करने का वचन दिया है तथा उनके द्वारा टिकट भी बुक करा ली गई है। हम लगातार संपर्क में है, उनका यात्रा प्लान भी मिल चुका है। नोडल अधिकारी श्री मांझी ने बताया कि पिपरीटोला मतदान केंद्र शत प्रतिशत मतदान के लिए तैयार है। सभी मतदाताओ ने अपने ग्राम का सम्मा्न बढाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष मतदान की शपथ भी ली है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा युवा एवं वरिष्ठ मतदाताओ का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, उप रजिस्टार आशीष श्रीवास्त्व, सुशील मिश्रा, बीएलओ सहित मतदाता उपस्थित रहे।




## धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती

**चचाई।** मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ चचाई द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से से मनाई गई, इस कार्यक्रम मंर संघ के सदस्यों द्वारा बाइक रैली निकाली गई पूरा नगर जय भीम के नारो से गूंज उठा, साथ ही बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम.एल. पटेल मुख्य मुख्य अभियंता अ.ता. विद्युत ग्रह, विशिष्ट अतिथि तनवीर अहमद मुख्य अभियंता, डी.एस. राव, श्री डी. आर. बांधव अध्यक्ष अजाक्स जिला अनूपपुर, प्रोफेसर संतोष सोनकर, प्रोफेसर नरसिंह इंदिरा गांधी जनजाति वि. वि. अमरकंटक, रमेश सिंह उपाध्यक्ष अजाक्स जिला अनूपपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एम. एल. पटेल द्वारा अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करने पर जोर दिया गया वहीं श्री बांधव एवं प्रोफेसर संतोष सोनकर द्वारा बाबा साहब के द्वारा नारी उत्थान व समाज के वंचित शोषित वर्ग के उत्थान के साथ साथ देश के विकास के लिए दिए गए योगदान के बारे में सभी को अवगत कराया। संघ के अध्यक्ष लालजी राम एवं कार्यक्रम अध्यक्ष आर. के.पाहुरकर व अन्य सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों समाज के गणमान्य नागरिको व पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया गया।



## उत्सव के रूप मे मनाया गया 100 प्रतिशत मतदान मेरा-अधिकार पर्व




**राजनगर।** नगर परिषद डूमरकछार अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रो मे 14 अप्रैल को 100 प्रतिशत मतदान मेरा-अधिकार पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे मतदान केन्द्र सजावट, रंगोली, दीपप्रज्वलन, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम मे निर्वाचित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, दिव्यांग एवं युवाओ सहित मतदाताओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, लेखापाल रजनीश प्रसाद शुक्ला, उपयंत्री शिवराम इडपाचे, परिषद के कर्मचारी जयकांत मेहता, अखिलेश सिंह परिहार, सत्येंद्र चौहान, तीरथ पनिका, चंद्रशेखर जायसवाल, हरीश सिंह, अजय राम, महेश यादव, रामप्रसाद जायसवाल, विवेक मिश्रा, विशाल महतो, अमित जायसवाल, शत्रुंजय पाण्डेय, मुन्नापाल, विक्रम सिंह, पवन गौतम, एजाज अहमद, पंकज चतुर्वेदी, प्रवीण शर्मा, विजय यादव, त्रिलोकीनाथ राय, उत्तम कोल, बीएलओ-गौरव महाता, मोहन लाल टांडिया, नरेंद्र देवांगन, ऋषि रजक, रामलल्लू गुप्ता, परदेसी रजक, रामनारायण गुप्ता, राजेंद्र विश्वकर्मा, बृजेश सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशोदा सिंह, बेबी राव, मोतीन देवी, प्रेमवती गुप्ता, लीना सिंह, प्रभा पाठक, पुष्पा साहू, सुनीता मिश्रा सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नवरात्रि में वाल्मीकि रामायण की कथा से भक्तिमय हुई ऊर्जा नगरी




**चचाई।** एनसी कॉलोनी में राम जानकी मंदिर में वाल्मीकि रामायण की कथा रामनवमी उपलक्ष में प्रारंभ है। राम जानकी मंदिर में कथावाचक उमेश शुक्ला जी हर साल की भांति इस साल भी कथा सुना रहे हैं। राम जानकी मंदिर के भक्तो द्वारा क्षेत्र की खुशहाली व पावर प्लांट की उन्नति हेतु कथा का आयोजन किया गया है चचाई में दुर्गा मंदिर जो रोड के पास जलाशय डेम के करीब स्थित है मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ती है। चचाई बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर में महिला मंडली द्वारा प्रत्येक दिन भजन कीर्तन किया जाता है। मां स्कंद माता की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूरी होती है। इस दौरान भक्तों ने उपवास रखकर खाली पैर मंदिरों में दर्शन के लिए जाते हैं। दुर्गा सप्तशती पाठ करके मन को प्रसन्न करते हैं।

### पांचवें दिन मंदिर में हुई मां स्कंद माता की पूजा

सुबह से ही जल अर्पित के लिए काली मंदिर मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। नवरात्रि के पंचमी का दिन देवी मंदिर में दुर्गा के स्वरूप मां स्कंद माता की विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखने को मिली, प्रत्येक घर में विधि विधान से माता की पूजा अर्चना की गई।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मई तक

**अनूपपुर।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 29 मार्च 2024 से 15 मई 2024 तक एफएक्यू गेहूँ समर्थन मूल्य 2275 रुपये + बोनस 125 रुपये प्रति क्विंटल कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। जिले में 06 गेहूँ उपार्जन केन्द्र क्रमशः अनूपपुर-तुलसी वेयर हाउस मेड़ियारास, पटनाकला-माँ शारदा वेयर हाउस बीओटी-2 बरबसपुर, बिजुरी-बतुल वेयर हाउस कोतमा, फुनगा-एस.डब्ल्यू.सी.गोदाम पयारी, जैतहरी-समिति कार्यालय जैतहरी एवं राजेन्द्रग्राम- समिति मुख्यालय राजेन्द्रग्राम में स्थापित किए गए हैं। शासन द्वारा पंजीकृत किसानों को एस.एम.एस. भेजकर उपज क्रय की व्यवस्था में बदलाव करते हुए स्लॉट बुकिंग के माध्यम से उपज विक्रय की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पंजीकृत किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में उपज विक्रय हेतु स्वयं के मोबाईल, एम.पी.ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर, इंटरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाईल पर ओ.टी.पी. प्रेषित किया जाएगा, जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा। उक्त स्लॉट बुकिंग 7 कार्य दिवस के लिए वैध होगा। किसान अपनी इच्छा व उपलब्धता अनुसार उपज विक्रय हेतु किसी भी उपार्जन केन्द्र का चयन कर सकते हैं। स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें जाकर किसान अपने मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से स्लॉट बुकिंग का कार्य करा सकते हैं। वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल प्रभावित (लस्टर लॉस) हो जाने के कारण समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में 0 से 30 प्रतिशत तक लस्टर लॉस हो जाने के कारण (चमकविहीन) वगैर वल्यूकट के उपार्जन करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि घर से ही गेहूं की साफ-सफाई कर उपार्जन केन्द्र पर गेहूं लेकर जाएं और समर्थन मूल्य पर अपनी उपज विक्रय करें।



## खुलेआम उड़ाई जा रही हैं स्वच्छता अभियान की धज्जियां

### ग्राम पंचायत सकोला के जिम्मेदारों का कारनामा

**कोतमा।** जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकोला में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा खुलेआम स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम से निकलने वाले कचरे को फेकनें के लिए गांव के अंदर दो जगह ठाकुर बाबा एवं दुर्गा मंदिर के पास कचरा घर बनाया गया है और ग्रामीणों को यह निर्देश दिया गया था कि घरों से निकलने वाले कचरे को इसी स्थान पर फेंकना है। लेकिन वर्तमान में दोनों ही कचरा घरों में कचरा भर गया है और उसे उठाने की फुर्सत ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के पास नहीं है। वही ग्रामीणों के द्वारा गांव के अंदर कई जगह अलग से कचरा फेंका जा रहा है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की जिस जगह ग्राम पंचायत के द्वारा कचरा घर बनवाया गया है उसी के पास ही लोगों की आस्था का केंद्र ठाकुर बाबा एवं दुर्गा मंदिर है एवं देवी चौरा है जिसके कारण कचरे की दुर्गंध मंदिर तक जाती है कई बार ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को कचरा उठाकर बाहर फि कवाने के लिए कहा गया लेकिन सरपंच सचिव द्वारा ईधर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि शासन का निर्देश है कि ग्राम पंचायत के अंदर यदि कचरा घर बनवाया गया है तो उस कचरे को उठाकर बाहर फि कवाने की जवाबदारी ग्राम पंचायत के की है। ग्राम पंचायत को कचरा वाहन भी दिया गया है लेकिन उसे वहां से कचरा का उठाव ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं करवाया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि कचरा गाड़ी मिली जरूर है ग्राम पंचायत को लेकिन पता नहीं है कि वह कहां है और किस हालत में है।



### खा रहे मूक जानवर

कचरा घर सहित आसपास घरों से निकलने वाले कचरे का अंबार लग गया है उसे कचरे में प्लास्टिक की पन्नियां भी है जिसे मूख जानवर अपना आहार बना रहे हैं। प्लास्टिक की पन्नियों को खाकर पशु बीमार भी हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि इससे जानवरों की जान भी जा सकती है। लेकिन ग्राम पंचायत को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### हेल्पलाइन में भी की शिकायत

ग्राम पंचायत सकोला के निवासी जितेंद्र साहू के द्वारा दो माह से सरपंच एवं सचिव को कचरा घर से कचरा का उठाव करवा कर बाहर फेंकने के लिए कहा जा रहा है लेकिन सरपंच सचिव ध्यान नहीं दे रहे थे जिस कारण से वह परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत भी कर चुका है। शिकायत होने के बाद ग्राम पंचायत के द्वारा तीन चार ट्रॉली कचरा उठाकर फि कवाया जरूर गया है लेकिन आज भी जगह-जगह कचरा का अंबार लगा हुआ है कचरा घर भी कचरे से पटा हुआ है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से इस ओर कार्यवाही करवाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को दी गई चार लाख रुपए की सहायता राशि

**रीवा।** त्योंथर विकासखण्ड के ग्राम मनिका में गत दिवस बोरवेल दुर्घटना में 6 वर्षीय बालक मयंक की दुखद मृत्यु हो गई। मृत बालक के परिजनों को जिला रेडक्रास समिति की ओर से चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सहायता राशि का चेक मृतक के परिजनों को प्रदान कर दिया गया है।

### गंभीर अनियमितता में बिलाबाँग स्कूल रीवा का कार्यालय किया गया सीज



**रीवा।** शासन द्वारा निजी स्कूलों को उनकी स्कूल ड्रेस के अलावा किसी अन्य सामग्री पर स्कूल का नाम अथवा लोगो अंकित न करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही स्कूल से किताबों, कॉपी तथा अन्य सामग्री की बिक्री न करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश का पालन न करने तथा स्कूल का नाम लिखे लोगो लगे बैगों की बिक्री करते पाए जाने पर बिलाबाँग स्कूल चोरहटा रीवा के प्राचार्य का कक्ष एवं कार्यालय सीज कर दिया गया है। शासन द्वारा स्कूल ड्रेस के अलावा अन्य किसी भी सामग्री में स्कूल का नाम अंकित न करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कई अभिभावकों द्वारा बिलाबाँग स्कूल के नाम लिखे तथा मोनो लगे बैग अग्रसेन बुक डिपो द्वारा बिक्री की शिकायत की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मामले में संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर जाँच के निर्देश दिए। टीम द्वारा अग्रसेन बुक डिपो के संचालक से इस संबंध में बयान लिया गया। बयान में बताया गया कि बिलाबाँग स्कूल के बैग स्टीफन स्टोन एकेडमी द्वारा सप्लाई किए जा रहे हैं। इस कंपनी का पता बिलाबाँग स्कूल दर्ज मिला। टीम द्वारा मौके पर जाँच करने पर स्टीफन स्टोन एकेडमी कहीं संचालित नहीं पाई गई। प्राथमिक रूप से स्पष्ट हुआ कि इसका संचालन बिलाबाँग स्कूल से ही किया जा रहा है। प्रिंसिपल कक्ष के पीछे के कक्ष में स्कूल का नाम लिखे एवं लोगो लिखे कई बैग बरामद किए गए। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य एरिक स्वामी तथा स्कूल के संचालक अंकुर काकवानी एवं आशीष काकवानी को नोटिस दिया गया। इनके द्वारा नोटिस का उत्तर नहीं दिया गया है। स्टीफन स्टोन एकेडमी से जुड़े कागजात जाँच पूरी होने तक सुरक्षित रखने के लिए प्रिंसिपल का कक्ष तथा कार्यालय सीज कर दिया गया है। यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला द्वारा की गई। कार्यवाही के समय थाना प्रभारी चोरहटा भी उपस्थित रहे।

### उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना तथा सरसों उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की समुचित व्यवस्था करें। उपार्जित गेंहू का उसी दिन परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। सभी सहकारी समितियों को उपार्जन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन न करने तथा लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उसे दूर कराने का प्रयास करें। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन गोदामो को ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

## शासन के आदेशों की अनदेखी कर विक्रेताओं का शोषण जारी

# पूर्व सांसद से अपनी व्यथा रोते विक्रेता

**शासन के आदेशानुसार विक्रेताओं को अध्दकुशल श्रमिक मानते हुए उन्हें हर माह 10,507 रूपए के मान से भुगतान करने के आदेश मध्यप्रदेश शासन व्दारा 1 अप्रैल 2022 से जारी किये गये थे बाबजूद इस आदेश को लागू करने में सहकारी समितियों को लागू करने में डेढ़ साल लग गये ,हो सकता हैं की समितियों ने इसे लागू न करने का ही निर्णय कर लिया रहा हों ।**






बिरसिंहपुर पाली।

लेकिन लगातार महासंघ के दबाव में आकर मजबूरन लागू करना पड़ा हो , लेकिन सहकारी समितियों को लागू करने के साथ ही विक्रेताओं को उक्त समयावधि का नियमित रूप से अंतर राशि का भुगतान करना चाहिए था , लेकिन वर्षों से जमे घाघ अधिकारियों की भूख की विभिषिका के सामने अदने से मातहत कर्मियों की भूख कहा दिखाई देती है तभी तो विक्रेताओं की लाचारी का लाभ उठाते हुए समितियों ने इस अंतर राशि को हजम करने का निर्णय ले रखा है , विक्रेता है कि इस जायज़ मांग के लिए अधिकारियों से लगातार फरियाद करते घूम रहे हैं, वाबजूद उचित मांग पर जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही ।उमरिया जिले के समितियों में इससे भी बड़ा घोटाला प्रधानमंत्री अन्न योजना में बताया जाता है कि कोरोना काल के दौरान जान जोखिम में डालकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत जो कि वर्ष 2020 में अनाज वितरण का काम किया था , जिसके प्रोत्साहन स्वरूप केन्द्र सरकार व्दारा विक्रेताओं को प्रति क्विंटल के मान से 90 रूपये के मान समितियों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे जो कि वर्ष 2020 से दिसम्बर 2023 तक योजना संचालित रही इस मान से विक्रेताओं की लाखों रूपए का पारिश्रमिक बनता है । ध्यान देने योग्य है कि उक्त राशि केन्द्र सरकार के व्दारा अपने निर्देशानुसार समितियों को वैधानिक रूप से प्रदान कर दी गई है वाबजूद इसके विक्रेताओं के हाथ आज भी खाली के खाली हैं ।आश्चर्यजनक कहा जाये कि समितियों ने इस विक्रेताओं के हिस्से की राशि अन्य मदों में व्यय कर विक्रेताओं के हक की राशि हजम कर गये,जो कि गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है ।इस मामले को लेकर जिले भर के विक्रेताओं ने प्रशासन की चौखट में नाक रगड़ते - रगडते थक हार कर उमरिया जिले के पूर्व सांसद ज्ञान सिंह जी का दरवाजा खटखटाया है , पूर्व सांसद ने बिषय वस्तु की गंभीरता से लेते हुए चुनाव बाद अधिकारियों की सूध लेने की बात कहकर विक्रेताओं का हौसला अफजाई की है , देखना होगा कि पूर्व सांसद जी की बात को जिम्मेदार अधिकारी कितना तव्वजो देते हैं कि आंकठ भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारी पूर्व सांसद को भी घुमा फिरा कर अपनी राह में ले आए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है ।यद्यपि पूर्व सांसद जी पहले से ही सहकारिता आंदोलन से जुड़े हुए हैं और समय-समय पर सहकारिता को लेकर आगे बढ़ाने का काम किया है, फिर भी गरीब विक्रेताओं को उनका हक दिलाने में कितना वक्त लगेगा कह पाना मुश्किल है ।



## ओपीएम के बम बम तालाब में हुआ चैती छठ पूजा

**अमलाई।** ओपीएम के बम बम तालाब में सैंकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा चैती छठ पूजा किया गया रविवार को डूबते हुए सूर्य को व्रती महिलाओं ने अर्ध्य दिया और सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया गया लगातार तीन दिनों तक चलने वाला छठ पर्व सबसे कठोर माना जाता है बताया जाता है कि चैती छठ पूजा करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। और मनोकामना पूर्ति होने पर भी इस पर्व को लोग करते है। ओपीएम अमलाई क्षेत्र में उत्तर बिहार के अधिकांश लोग रहते है जो ओपीएम के बम बम तालाब में छठ पूजा करते है रविवार को भी सैंकड़ो लोगो ने छठ पूजा किया।

## महिलाएं कर रहीं थी अवैध नशीले कफ सीरप का व्यापार

रीवा

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत कबड्डी मोहल्ला में नीम के पेड के नीचे बैठे दो महिलाएं नशीली कफ सीरप का कर रही थी अवैध व्यापार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली जहां पुलिस ने दाबिश दी मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच कर देखा कि कबाड़ी मोहल्ला में शिव मदिर के पास नीम के पेड के नीचे 02 संदिग्ध महिलाए 02 अलग अलग झोले लिये नीम के पेड के नीचे बैठी थीं जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास कि जिसे पुलिस ने धर दबोचा और तलाशी ली तो दोनो संदिग्ध महिलाओं के पास 85 सीसी अवैध कोरेक्स बरामद हुआ जिसे पुलिस ने जप्त कर के दोनो संदिग्ध महिलाओं को थाने ले आई और पूछताछ करने लगीं पूछताछ में दोनो महिलाएं अपना नाम माला लोनिया पति अमर सिंह लोनिया उम्र 32 वर्ष वही दूसरी खूशबू सिंह चौहान पति कुंदन सिंह चौहान उम्र 27 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क 06 कवाडी मोहल्ला थाना सिविल लाईन रीवा की होना बताया जिसके ऊपर एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत मुक़दमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# बैठकी वसूली तक सीमित नगर पालिका, असुविधायें जस की तस

अमलाई।

नगर परिषदों अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बाजार में असुविधाएं व्याप्त है। जिसको लेकर नगर परिषद कोई ठोस कदम उठाने की कोशिश नही कर रही है क्षेत्र में लगने वाले सभी साप्ताहिक बाजारों की स्थिति एक जैसी है। जहां न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही महिला पुरुषों के लिए प्रसाधन या पीने योग्य पानी की व्यवस्था है। नगर पालिकाएं बैठकी वसूली करने तक सीमित रह गई है।

नगर परिषद बकहो की बात करें तो यहां नेशनल हाईवे के किनारे ही सभी वाहन खड़े होते है जिससे एनएच पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क के दोनों ओर आधा से ज्यादा सड़क पर वाहनों के कारण जाम रहता है। यहाँ सप्ताह में दो दिन बाजार लगता है जो काफी लम्बे समय से लग रहा है किंतु यहां अबतक कोई बदलाव देखने को नही मिला है यहां महिला एवं पुरुष प्रसाधन के साथ साथ पीने योग्य पानी की सुविधा नही है। और न ही व्यापारियों के लिए शेड बनाया गया है सुविधाओं के अभाव में यहां लोगो को काफी परेशानी होती है।



नगर पालिका धनपुरी अंतर्गत साप्ताहिक बाजारों में फैली अव्यवस्था की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सप्ताह में दो दिन बाजार रविवार एवं गुरुवार को लगता है और देखा जा सकता है कि बाजारों में दुकाने किस तरह से लगाई जाती है कहने को तो साप्ताहिक बाजार के लिए गोल बाजार रंगमंच एवं कच्छी मोहल्ला प्रागंण मे निर्धारित किया गया है इसके बावजूद सड़कों पर भी काफी दुकानें सजी रहती हैं जिसका खामियाजा आवागमन करने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।

लोगो ने बताया कि वार्ड नंबर 20-21 के बीच लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था की ओर कई बार नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया पर इस ओर किसी प्रकार से ध्यान नहीं दिया जाता अधिकांश लोग आजाद चौक से गोल बाजार की ओर जाने के सकरी गली से आना जाना करते है जहां दोनो ओर दुकानें सजी रहती है सकरी सड़क परेशानी का सबब बनी हुई है ऊपर से दुकान लग जाने से और वाहनों के खड़े हो जाने से आवागमन की समस्या बढ़ जाती है जिससे आवागमन में परेशानी के कारण तू तू मैं मैं की स्थिति भी निर्मित हो जाती है रोड के दोनों ओर खुली बदबू मारती नाली के ऊपर अधिकांश सब्जी दुकानें बेचने के लिए लगाई जाती है। थोड़े वर्षा का पानी गिरते ही नाली का गंदा पानी रोड में बहने लगता है जिससे सब्जी विक्रेताओं खरीदारों को परेशानी होती है। यहां प्रकाश की व्यवस्था की कमी देखी जा रही है, लोगो ने कई बार नगर पालिका का ध्यान इस ओर केंद्रित किया गया लेकिन नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से व्यवस्था बनाने में निष्क्रिय देखे जा रहे हैं। गर्मी के दिनों में हॉट बाजार में पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था देखने को नहीं मिलती।

नगर परिषद बरगवां अमलाई में भी देखा जाए तो व्यवस्थाओं में कोई सुधार देखने को नही मिलता है यहाँ भी सप्ताह में दो दिन बाजार लगता है किंतु पेयजल और प्रसाधन का अभाव है। जिससे लोगो को परेशानी होती है।1

## वन एवं पुलिस की संयुक्त धरपकड़ में

# 22 मवेशियों को कत्ल गाह जाने के पहले आजाद कराया

### वन विभाग एसटीएफ प्रभारी कमला वर्मा बाल बाल बचे

बुढ़ार।





बीती रात वन विभाग की एसटीएफ गश्ती टीम ने झीकबिजूरी से सतना ट्रक में लोड कर 22 मवेशियों को कत्ल गाह लें जातें हुए वाहन का पीछा करते हुए पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है आगे की कार्यवाही थाना प्रभारी संजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा की जा रही है।

रविवार की बीती रात लगभग एक बजे जब जंगलों की गस्ती वन विभाग के एसटीएफ प्रभारी कमला प्रसाद वर्मा अपनी टीम के साथ कर रहे थे तभी जैतपुर मार्ग से बिरुहुली तिराहे के पास ट्रक क्रमांक एमपी 19 एच ए 3571 के चालक को रोकने का प्रयास किया तो चालक तेज़ रफ़्तार वाहन को चला कर भागने लगा मौके से उसका पीछा करते हुए एसटीएफ प्रभारी कमला वर्मा ने जब अपने वाहन से पीछा करने लगे तो उनके वाहन को कट मारकर दुर्धटना करने का भी प्रयास चालक ने किया मगर अंततः उसके मंसूबों पर पानी फेर कर रुंगटा तिराहे पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़कर चेक किया तो ट्रक में मवेशी लोड़ थें मौके पर मवेशियों से संबंधित कागजात मांगे गए प्रस्तुत नहीं करने पर ट्रक चालक अफरीद ख़ान पिता मोहम्मद समीम, निवासी भटनवारा सतना थाना उचेहरा एवं मोहम्मद इब्राहिम पिता सलीम खान निवासी केशवाही को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध धारा 279, पशुक्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर ट्रक को जब्त कर विवेचना की जा रही है, पुलिस ने बताया कि ट्रक में 13 पडावा,9 भैंस लोड़ थे वाहन की कीमत 8 लाख एवं 22 मवेशियों की कीमत 3 लाख आंकी है कुल 11 लाख का माल जप्त किया है।इस कार्रवाई में एएसआई गिरीश शुक्ला, गुलाम खान आरक्षक जयप्रकाश चतुर्वेदी, श्री कांत,कृष्णा मिश्रा एवं वन विभाग की टीम का सराहनीय सहयोग रहा।

# बच्चों का पेट भरने मादा तेंदुआ ने किया बछड़ों का शिकार

### जंगल से निकल गांव में घुस तीन पशुओं को बनाया निवाला वन विभाग ने गांवों को किया अलर्ट



**रीवा ।** जिले वन परिक्षेत्र सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत इटमा में करीब एक सप्ताह में पशुहानी के प्रकरण बढ़ गए है जिसके बाद वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हे जंगली जानवर से सुरक्षित रहने की हिदायत दी।वही सिरमौर परिक्षेत्र में एक मादा तेंदुआ सहित उसके दो बच्चो के घूमने की सूचना है और यही मादा तेंदुआ अपना व अपने बच्चो का पेट भरने रात के अंधेरे में जंगल से बाहर निकल गांव पहुंच रहीं है और घरों के बाहर बंधे गायों व उनके बच्चो को अपना शिकार बना रही है अब तक तीन पालतू जानवरों को तेंदुआ ने शिकार बनाया है जिसके बाद जंगल के करीब गांवों में दहशत का माहौल है तेंदुआ की जानकारी वन विभाग को होने के बाद उन्होंने ग्रामीणों को सचेत किया है की रात में जानवरो को बाहर न बांधे और न ही रात में अकेले खेत की तरफ जाए । इसके साथ ही वन विभाग की टीम रात्रि गस्त कर रही है और जल्द ही जाल बिछा कर तेंदुआ को पकड़ने की योजना भी बना रखी है। फिलहाल अभी तक कोई जनहानि नही हुई है वन विभाग की टीम लागातार सर्चिंग में लगी हुई है।

## प्रशिक्षण की हर जानकारी गंभीरता से आत्मसात करें : मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान के लिए तैनात मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के 4 केन्द्रों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण टीआरएस कालेज, मॉडल साइंस कालेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा विधि महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में दिया जा रहा है। विधि महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन मतदान कर्मियों को निर्देशित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी मतदान की महती जिम्मेदारी के लिए तैनात किए जा रहे है। चुनाव प्रशिक्षण में दी गई हर छोटी से छोटी जानकारी को मतदान कर्मी गंभीरता से आत्मसात करें। प्रशिक्षण जितनी तन्मयता से प्राप्त किया जाएगा कार्य उतनी ही सुगंमता से होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की जिज्ञासा अथवा शंका हो तो उसका समाधान कर लें।

## कम्युनिकेशन प्लान से मिलेगी समय पर सूचना हर सूचना पर तत्काल करें कार्यवाहीः कलेक्टर

**रीवा।** मतदान दिवस में निर्वाचन से जुडी प्रत्येक घटना की सूचना के लिए कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। इसमें तैनात कर्मचारियों को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि कम्युनिकेशन प्लान के सभी नम्बरों का परीक्षण मतदान दिवस से पहले अनिवार्य रूप से कर लें। लगभग सभी मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा है। मतदान दिवस के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान के लिए तैनात कर्मचारी बीएलओ से अनिवार्य रूप से सम्पर्क करें। उन्हें मोबाइल से संदेश प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दें। मतदान दल के सदस्य भी एनआईसी के माध्यम से विकसित किए गए विशेष कम्प्यूटर प्रोग्राम में मोबाईल से एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजेंगे। इन संदेशों का तत्काल विश्लेषण करके उनके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रभारी अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने बताया कि निर्वाचन संबंधी जानकारियाँ देने के लिए विधानसभावार दल तैनात किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए रिटर्निंग आफीसर स्तर पर कम्युनिकेशन टीम तैनात की गई है। मतदान दिवस में इसके सदस्य प्रतयेक मतदान केन्द्र की लगातार जानकारी लेकर उसे मोबाइल एप्लीकेशन तथा कम्प्यूटर के माध्यम से दर्ज करेंगे। जिला स्तर से इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण देते हुए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने कहा कि सभी सेक्टर आफीसर मतदान दल के कर्मचारियों एवं बीएलओ के मोबाइल नम्बरों की सूची दल अपने पास रखें। इसके लिए बार-बार कम्प्यूटर का उपयोग न करें। कम्प्यूटर में मतदान दलों से प्राप्त जानकारी का लगातार विश्लेषण करें।

जिस मतदान केन्द्र से जानकारी निर्धारित समय पर प्राप्त नहीं होती है

खबर संक्षेप

## बैगा बालिकाओं ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, भेंट की गोंडी पेंटिंग



**अनूपपुर**। पुष्पराजगढ़ विकासखंड के ग्राम पोंडकी में संचालित मां शारदा कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस दौरान विद्यालय के 30 छात्राओं के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल उपस्थित रहा। विद्यालय की छात्राओं के साथ राष्ट्रपति ने मुलाकात करते हुए उनसे शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी शिक्षकों के द्वारा राष्ट्रपति को प्रदान की गई। इसके पश्चात विद्यालय की छात्र के द्वारा स्वयं की बनाई हुई गोंडी पेंटिंग भी राष्ट्रपति को भेंट की गई।बैगा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा देती है संस्था

मां शारदा कन्या विद्यापीठ स्थानीय बैगा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। जहां प्रतिवर्ष 100 छात्राओं को शिक्षित किया जाता है यह विद्यालय आवासीय विद्यालय है। पूर्व में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ प्रवीर सरकार जो कि मुख्य रूप से कोलकाता के रहने वाले थे तथा नर्मदा परिक्रमा के लिए अमरकंटक आए हुए थे और यहां के बैगा ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने यहां विद्यालय प्रारंभ करते हुए बैगा बालिकाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से इस विद्यालय को 1995 में प्रारंभ किया था।

## मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

**अनूपपुर**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मध्यप्रदेश में होने वाले चार चरणों में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के लिए पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिन्ट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर (अर्थात 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को) प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

## कलेक्टर ने शहपुरा में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा

**डिंडौरी** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली और प्रगति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना है। 19 अप्रैल को होने वाला मतदान हमारे देश का पर्व है। जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। सभी विभाग सतर्कता और सजगता के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। इस दौरान पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, खाद्य आपूर्ति जैसी मूलभूत अवश्यकताओं को निर्बाध रूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त कर निर्देशित किया कि सभी जिम्मेवार अधिकारी मतदान केंद्रों की अंतिम तैयारी पूर्णकर आवश्यक निरिक्षण करते रहें, ऑल वीमेन मतदान केंद्र और दिव्यांग मतदान केंद्रों की तैयारियों को अंतिम रूप देंऔर अंतिम अवलोकन करलें।

शव छिपाने में सहयोग करने पर साले को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

# पति की हत्या कर भाई के साथ छिपाया शव पत्नी को आजीवन कारावास की सजा




खास खबर

**अनूपपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश पवन शंखवार की न्यायालय के थाना अमरकंटक के अपराध की धारा 302, 201 भादवि के आरोपी 32 वर्षीय देवन्तीबाई पति सुखराम सिंह एवं 27 वर्षीय शिवकुमार पुत्र अंगद सिंह धुर्वे दोनों निवासी ग्राम ग्राम पमरा, बांधाटोला को सजा सुनाई हैं। जिसमे देवन्तीबाई को आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए अर्थदण्ड, शिवकुमार को 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। देवन्तीबाई को दो धाराओं में धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास के साथ 2000 अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास सहित 1000 रुपए अर्थदण्ड कुल मिलाकर आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए अर्थदण्ड एवं शिवकुमार को धारा 201 भादवि में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश दिया है। पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा द्वारा की गई। घटना 27 दिसम्बर 2021 को रविकेश्वर सोनी ने दुआरी घाटा बंजारी मंदिर के पास बिलासपुर जंगल रोड के किनारे गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति की शव मिलने की सूचना थाना अमरकंटक को दी जिस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति का शव अधजली अवस्था में पडा हुआ था, पैर बंधे हुए थे तथा दाहिने आंख कनपटी और मुंह में चोट थी सिर के बाल व चेहरा जला हुआ था। जिस पर थाना अमरकंटक में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान शव से प्राप्त कपडे को देख मृतक की पत्नी देवंतीबाई ने शव को अपने पति सुखराम का होना बताया जिस संबंध में पहचान पंचनामा तैयार किया गया। रामसिंह मार्को का कथन लेखबद्ध किया गया। संदेह पर देवंतीबाई से पूछताछ पर पति सुखराम की हत्या करना व शिवकुमार के साथ मिलकर शव वाहन से दुआरीघाट ले जाकर शव के चेहरे पर कपडा रखकर जलाना बताया। शिवकुमार से पूछताछ पर देवतीबाई के साथ मिलकर शव को छिपाना बताया। समस्त विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा दोनो आरोपियों के विरूद्ध मामला प्रमाणित पाये जाने पर सजा सुनाई।

# अपहरण कर बलात्कार के आरोपी को जीवनकाल तक के लिये आजीवन कारावास

अनूपपुर

विशेष न्यायालय (अनुसूचित जाति जनजाति अत्चारण निवारण अधिनियम) रविन्दर सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर की न्यायालय ने शनिवार दिनांक 13.04.2024 को निर्णय पारित करते हुए विशेष प्रकरण क्र. 65/21 के आरोपी सैय्यद असगर अली पिता सैय्यद ताजुद्दीन अली उम्र 35 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती अनूपपुर को थाना कोतवाली के अपराध क्र0 248/21 में धारा 363 भादवि में 02 वर्ष 2000 रू., 363ए भादवि में 5 वर्ष 5000 रू., 376(2)एन भादवि एवं 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में शेष प्राकृत जीवन काल तक आजीवन कारावास व 50000 रू., 3(2)5 एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास व 25000 रू. 3(1)डब्ल्यू (कक) एससी एसटी एक्ट में 01 वर्ष व 1000 रू. तथा म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में 02 वर्ष एवं 50000 रू. के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया। आरोपी गिरफ्तारी दिनांक 01.08.2021 से अभी तक न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध था जिसे उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पक्ष समर्थन विशेष लोक अभियोजक हेमन्त अग्रवाल प्रभारी जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा किया गया।मामला इस प्रकार है कि, दिनांक 10.06.2021 को 16 वर्ष 05 माह की नाबालिग बालिका के लापता हो जाने पर उसके पिता द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई। अन्वेषण के दौरान घटना के लगभग 50 दिन पश्चात पीडिता दस्तयाब हुई, उसके द्वारा बताया गया कि आरोपी असगर उसे शादी का झांसा देकर अंबिकापुर ले गया और वहां उसके साथ उसने कई बार बलात्कार किया और धर्म परिवर्तन कराए जाने की बात बताई, जिसके आधार पर प्रकरण में अपराध से संबंधित धाराओं का इजाफा किया गया, पीडिता सहित आवश्यक साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गए, आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य का संकलन कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया गया, न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुना गया, और अभिलेख पर आए समस्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में घटना के समय पीडिता 16 वर्ष की बालिका थी जबकि आरोपी 35 वर्ष का था, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय द्वारा उक्त दण्ड के साथ पीडिता को उसके पुर्नवास के लिये प्रतिकर दिए जाने हेतु निर्देशित किया, साथ ही अपराध में प्रयुक्त मोटर सायकिल को भी विक्रय कर विक्रय की राशि को भी राजसात किये जाने का आदेश पारित किया। विधिक प्रावधानों के पालन में पीडिता के नाम, पता व जानकारी को गोपनीय रखा गया है।




धर्म परिवर्तन कराने का भी है मामला

# कुत्तों के हमले से घायल नर चीतल की मौत



## सम्मान के साथ किया गया दाह संस्कार

**अनूपपुर**। जिले के वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत पोडी बीट के ग्राम सिंघौरा में सोमवार की सुबह जंगल में विचरण कर रहे नर चीतल पर कई आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा कर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल नर चीतल अपनी जान बचाने के लिए भाग कर सिंघौरा निवासी राकेश सिंह पिता प्रताप सिंह सेंगर के गेहूं लगे खेत में आकर बैठ गया नर चीतल के घायल स्थिति में आने की जानकारी पर परिक्षेत्र ससा, वेंकटनगर रामसुरेश शर्मा बीट प्रभारी पोंडी तरुण सिंह मसराम एवं आसपास के परि.सहा, वनरक्षक, सुरक्षाश्रमिको के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल मौके पर पहुंचे तथा वनविभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए जाने पर उनके निर्देशन में प्रारंभिक उपचार की कार्यवाही की जा रही थी तभी गंभीर रूप से घायल नर चीतल ने दम तोड़ दिया जिसे शासकीय वाहन से वन डिपो जैतहरी ला कर पशु चिकित्सा जैतहरी सचिन समैया से पीएम कराने बाद एसडीओ वन अनूपपुर पीके खत्री, नायब तहसीलदार जैतहरी धनीराम सिंह, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी स्वर्णगौरव सिंह, विवेक मिश्रा, विभिन्न बीटो के परि.सहा, वनरक्षकों, सुरक्षाश्रमिकों की उपस्थिति में पूरे सम्मान के साथ मृत नर चीतल का दाह संस्कार किया गया।

# चैत्र नवरात्रः सातवें दिन मंदिरों में काल रात्रि की आराधना करने उमड़े श्रद्धालु



**कोतमा**। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में मां दुर्गा के सातवें स्वरुप मां काल रात्रि की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही सभी मंदिरों में मां दुर्गा की अराधना शुरू हुआ है। क्षेत्र में इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम है, सभी आसपास के देवी मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते नजर आ रहें है। श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योती कलश भी स्थापित कराए गए है। वही मंदिरों में जस गीत व भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्ति भावना से सरोबार है।

### मन्नत पूरी होने पर भर रहे दंड

माता की भक्ति में शक्ति देखने को मिलती है यही कारण है कि श्रद्धालु मन्नते पूरी होने पर अपने घर से बैंड बाजे के साथ दंड भरते हुए माता के दरबार तक पहुंच रहे हैं। सुबह से यह सिलसिला शुरू हो जाता है जो दोपहर तक निरंतर चलता है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही कई लोग माता की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं वहीं लोग उपवास भी रख रहे हैं। कोई पूरे 9 दिन का तो कोई प्रथम दिन पंचमी एवं अष्टमी का उपवास रख रहे हैं।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में लकड़ी जप्त





**कोतमा**। वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत लगातार जंगलों से बेस कीमती लड़कियों की कटाई एवं चोरी की खबरें आ रही थी जिसके बाद जिला वन अधिकारी के निर्देशन में रविवार को वन विभाग की टीम ने लतार सर्किल अंतर्गत कोटमी गांव में सर्च वारंट के साथ तीन घरों में दबिश देते हुए सरई की बहुमूल्य लकड़ी सवा लाख कीमत की जप्त करते हुए तीन आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन संरक्षण अधिनियम एवं व्यापार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही को लेकर गांव एवं आसपास के ग्रामीण जो लकड़ी चोरी एवं कटाई में लिप्त रहते हैं हड़कंप मचा हुआ है मामले में आरोपी जियत लाल पिता भैया लाल यादव, मझलू केवट पिता प्रभु केवट एवं थल्ला उर्फ प्रेमलाल प्रजापति सभी निवासी कोटमी के खिलाफ भारतीय वन संरक्षण अधिनियम एवं व्यापार अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। वन विभाग के द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों से जंगल से अवैध लकड़ी कटाई एवं चोरी की शिकायत के बाद सूचना तंत्र को सक्रिय कर सर्च वारंट प्राप्त कर तीन घरों में दबिश दी गई। जहां मौके पर 0.900 घनमीटर लकड़ी जप्त की गई जिसकी बाजारू कीमत 1 लाख 25 हजार बताई जा रही है। वन विभाग के होश उड़ गए जब अरोपियो के घरों से लकड़ी चिराई एवं टाल में उपयोग होने वाले औजार भी जप्त करना पड़ा। जिसमे लोहा आरा, रमदा, वसूला, टांगी एव हाथोड़ी सहित अन्य उपकरण शामिल रहे। मामले में लकड़यिों को जप्त कर वन विभाग चौकी लाया गया एवं आरोपियों पर वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सर्च के दौरान मौके से साल एवं सागौन प्रजाति की लकड़यिों, चिरान काष्ठ व औजारों की जप्ती की कार्यवाही की गई।

# निर्वाचन कर्तव्य के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस 19 अप्रैल के संबंध में सेक्टर अधिकारियों, कम्युनिकेशन टीम की अलग-अलग बैठक लेकर निर्वाचन दायित्वों के संबंध में दिशानिर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने सेक्टर अधिकारियों को सामग्री वितरण के दौरान जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदान दलों को निर्धारित रूट से मतदान केन्द्रों तक पहुंचाकर जिला निर्वाचन कार्यालय को ओके रिपोर्ट देंगे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को सामग्री वितरण तथा सामग्री जमा करने के दौरान मतदान दलों के साथ समन्वय कर सावधानीपूर्वक सामग्री का उठाव व जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के तकनीकी समस्या आदि के संबंध में सेक्टर अधिकारी तत्काल दल से समन्वय सुनिश्चित करते हुए मास्टर ट्रेनर व बेल के इंजीनियर से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशानुसार सभी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन दायित्वों का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने में सहयोग करेंगे।

### कम्युनिकेशन टीम को मतदान दलों से समन्वय के दिए निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने कम्युनिकेशन टीम को प्रो-एक्टिव होकर मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के पहुंचने तथा मतदान दिवस के दिन मॉकपोल प्रारंभ, समाप्ति तथा मतदान प्रारंभ होने की जानकारी का समन्वय से अदान-प्रदान निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कम्युनिकेशन टीम को 18 अप्रैल को कम्युनिकेशन से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कम्युनिकेशन टीम को सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, बीएलओ तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से समन्वय कर जानकारी प्राप्त कर रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम की खराबी की जानकारी तत्काल प्रदान की जाए। जिससे समय पर समस्या का निदान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कम्युनिकेशन दल के सदस्यों को मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### शेडो एरिया में रनर के माध्यम से होगी रिपोर्टिंग

जिले के 9 शेडो एरिया में मतदान दिवस 19 अप्रैल के दिन निर्वाचन से संबंधित जानकारी के अदान-प्रदान के लिए रनर तैनात किए गए हैं। रनर टीम में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ, ग्राम पंचायत के जीआरएस तथा होमगार्ड सिपाही व पुलिस रेडियो विभाग के कर्मचारी तैनात रहेंगे। तैनात किए गए रनर आपसी समन्वय कर मतदान केन्द्र की समय-समय पर रिपोर्टिंग जिला निर्वाचन कार्यालय को सुनिश्चित करेंगे। शेडो एरिया में मतदान केन्द्र में मॉकपोल, मतदान प्रारंभ, मत प्रतिशत, मतदान समाप्ति आदि की जानकारी रनर द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। शेडो एरिया में रनर टीम के आपसी परिचय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने शेडो एरिया के मतदान केन्द्रों में तैनात किए गए

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान



**अनूपपुर**। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। आयोग के निर्देशानुसार सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है,तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।